# राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर

(अस्थाई कार्यालय : महिला छात्रावास भवन, बाबूशोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय परिसर, अलवर)
Phone : 0144-2730321, 2730327, 2980046 FAX : 0144-2730321
Website :- www.rrbmuniv.ac.in


क्रमांक :– रात्रऋभमवि / अलवर / अकादमिक–I / 2018 / 202-213 दिनांक :– 09.08.2018

## विश्वविद्यालय प्रबन्ध मण्डल की सप्तम बैठक दिनांक 09.08.2018 का कार्यवाही विवरण

दिनांक 09–08–2018 दिन गुरूवार दोपहर 12:00 बजे होटल लेमन ट्री, शान्ति कुंज, अलवर में राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर के प्रबन्ध मण्डल की बैठक हुई, जिसमें निम्नलिखित माननीय सदस्य उपस्थित हुए :–

1. डॉ० भारत सिंह – माननीय कुलपति एवं अध्यक्ष
2. श्री जयराम जाटव – माननीय विधायक अलवर (ग्रामीण) एवं सदस्य
3. डॉ0 एम.पी. तिवारी – प्रख्यात शिक्षाविद एवं सदस्य
4. डॉ० केशरी नंदन मिश्र – प्रख्यात शिक्षाविद एवं सदस्य
5. डॉ० बनवारी लाल नाटिया – प्रख्यात शिक्षाविद एवं सदस्य
6. डॉ0 अखिलेश गुप्ता – प्राचार्य एवं सदस्य
7. प्रो0 विमलेश गुप्ता – प्राचार्य एवं सदस्य
8. डॉ० जी.डी. मेहंदीरत्ता – प्राचार्य, डीन (कॉमर्स संकाय) एवं सदस्य
9. डॉ० हुकम सिंह – उप प्राचार्य, डीन (कला संकाय) एवं सदस्य
10. डॉ0 अनूप सिंह – रजिस्ट्रार एवं सदस्य सचिव

बैठक के प्रारम्भ में कुलसचिव डॉ0 अनूप सिंह ने उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया। माननीय अध्यक्ष महोदय ने पिछले सत्र एवं वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2018–19 में विश्वविद्यालय की उपलब्धियों एवं गतिविधियों की सभी को जानकारी करायी।
इसके पश्चात अध्यक्ष की अनुमति से एजेंडा बिन्दुओं पर विचार विमर्श कर निर्णय लिये गये।

**बिन्दु संख्या 01 :– गत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि।**

रजिस्ट्रार डॉ0 अनूप सिंह ने गत बैठक दिनांक 18/05/2018 में लिये गये निर्णयों पर विश्वविद्यालय द्वारा की गई कार्यवाही का विवरण प्रस्तुत किया। विचार विमर्श के पश्चात गत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की गयी।

**बिन्दु संख्या 02 :— अशैक्षणिक पदों पर भर्ती के लिए चयन सूची का अनुमोदन।**

माननीय अध्यक्ष महोदय ने विश्वविद्यालय द्वारा जारी विज्ञापन संख्या 01/2017 एवं 03/2018 के अन्तर्गत अशैक्षणिक पदों पर भर्ती हेतु आयोजित परीक्षा के परिणाम एवं चयन समिति द्वारा चयनित अभ्यर्थियों की सूची मण्डल के समक्ष प्रस्तुत की।

निर्णयः— विश्वविद्यालय प्रबन्ध मण्डल ने अशैक्षणिक पदों (सहायक कुल सचिव, विधि सहायक, लिपिक ग्रेड—द्वितीय, सहायक कर्मचारी—चतुर्थ श्रेणी) पर भर्ती के लिए चयन सूची एवं चयन समिति की अनुशंषाओं को सर्व सम्मति से अनुमोदित किया। परीक्षा नियंत्रक एवं उपकुलसचिव पदों के लिए कोई भी योग्य अभ्यर्थी न मिलने (none found suitable) पर इनके रिक्त पदों पर शीध्र ही पुनः विज्ञापन जारी करने का निर्णय लिया गया। चयनित अभ्यर्थियों को राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर द्वारा निर्धारित नियुक्ति प्रपत्र तथा नियम/शर्तों के अनुसार तत्काल नियुक्ति प्रदान करने की भी प्रबंध मंडल ने अनुशंसा की।

**बिन्दु संख्या 03 :— सत्र 2018—19 से पांच शैक्षणिक विभागों के संचालन के लिए अध्यापन हेतु गेस्ट फैकल्टी का अनुमोदन एवं मानदेय निर्धारण करना।**

माननीय विधायक श्री जयराम जाटव, डॉ0 एम.पी. तिवारी, डॉ0 अखिलेश गुप्ता तथा डॉ0 बनवारी लाल नाटिया ने उपरोक्त बिन्दु के सम्बन्ध में अपने विचार रखे।

निर्णयः— प्रबन्ध मण्डल ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि अध्यापन कार्य हेतु अस्थाई रूप से गेस्ट फैकल्टी का पैनल तैयार किया जाए, जिनका मानदेय प्री पी. एच. डी. कोर्स में पढाने वाले फैकल्टी के लिए पूर्व में निर्धारित मानदेय दरें (750/—रू) के ही समान रू 750/— प्रति कालांश तथा अधिकतम 25000/— रूपये प्रति माह प्रति गेस्ट फैकल्टी रखा जाए। अन्य व्यय का निर्धारण राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर में प्रचलित दरों के आधार पर किया जाए। गेस्ट फैकल्टी हेतु यथासम्भव यू.जी.सी. योग्यताधारी नये (Fresh) अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाए।

**बिन्दु संख्या 04 :— नेशनल एकेडमिक डिपोजिटरी पोर्टल पर विश्वविद्यालय के समस्त डाटा अपलोड करने हेतु आई.टी. फर्म की सेवाऐं लिये जाने एवं इसके लिए एजेन्सी तय किये जाने का अनुमोदन।**

उपरोक्त बिन्दु पर डॉ0 एम.पी.तिवारी, डॉ0 अखिलेश गुप्ता, डॉ0 जी.डी.मेहंदीरत्ता, डॉ0 हुकम सिंह, माननीय विधायक श्री जयराम जाटव, डॉ0 बनवारी लाल नाटिया, डॉ0 विमलेश गुप्ता ने अपने विचार रखे।

निर्णयः— प्रबन्ध मण्डल ने सर्व सम्मति से उपरोक्त कार्य हेतु अनुभवी एवं दक्ष आई.टी. फर्म की सेवायें लिये जाने का अनुमोदन किया। इस हेतु निर्धारित नियम एवं शर्तों का उल्लेख करते हुए टेण्डर आमन्त्रित करने हेतु अनुमोदन किया गया। मण्डल ने यह भी सुझाव दिया कि सम्बन्धित फर्म की नियमानुसार सिक्योरिटी मनी जमा करायी जाकर सम्बन्धित फर्म को

भुगतान एकमुश्त न करके आंशिक तौर पर किया जाये। यह भी सुझाव दिया गया कि न्यूनतम दरें होने के बावजूद अनुभवहीन फर्म का चयन नहीं करना चाहिए।

**बिन्दु संख्या 05 :– अन्य बिन्दु अध्यक्ष महोदय की अनुमति से।**

1. **परीक्षा केन्द्र द्वारा टेन्ट लगाकर परीक्षा करवाने पर प्रस्तुत बिलों पर निर्णय के सम्बन्ध में।**

   उपरोक्त बिन्दु पर माननीय विधायक श्री जयराम जाटव, डॉ0 अखिलेश गुप्ता, डॉ0 हुकम सिंह, डॉ0 एम.पी.तिवारी, डॉ0 जी.डी.मेहंदीरत्ता ने अपने विचार रखे।

   निर्णयः– प्रबन्ध मण्डल ने उपरोक्त से सम्बन्धित पूर्ववर्ती वर्षों के बिलों का भुगतान विश्वविद्यालय द्वारा किये जाने का अनुमोदन किया तथा यह भी सुझाव दिया कि भविष्य में इस तरह के मामलों में माननीय कुलपति महोदय से पूर्व में स्वीकृति प्राप्त की जाए।

2. माननीय अध्यक्ष महोदय ने प्रबन्ध मण्डल सदस्यों को जानकारी दी कि आगामी 23.08.2018 को विश्वविद्यालय का स्थापना दिवस मनाया जाएगा। मण्डल सदस्यों ने सर्वसम्मति से इसका अनुमोदन करते हुए यह सुझाव दिया कि स्थापना दिवस प्रतिवर्ष मनाया जाए तथा मण्डल सदस्यों को भी इसमें आमन्त्रित किया जाए। इस बिन्दु पर डॉ0 हुकम सिंह, डॉ0 अखिलेश गुप्ता, माननीय विधायक श्री जयराम जाटव, डॉ0 बनवारी लाल नाटिया, डॉ0 एम.पी.तिवारी, प्रो0 विमलेश गुप्ता ने विचार व्यक्त किये।

3. प्रबन्ध मण्डल सदस्यों ने मण्डल की बैठक में भाग लेने सम्बन्धी बैठक भत्ते (Sitting Charges) की राशि को बढाये जाने की आवश्यकता बताई। माननीय विधायक श्री जयराम जाटव, डॉ0 एम.पी.तिवारी, डॉ0 केशरी नंदन मिश्र, डॉ0 बनवारी लाल नाटिया, डॉ0 अखिलेश गुप्ता ने अपने विचार रखे। मण्डल सदस्यों ने सर्वसम्मति से मण्डल की बैठकों के लिए बैठक भत्ता 4000/– रू प्रतिदिन निर्धारित किया तथा दिनांक 09.08.2018 से ही इसे लागू किये जाने का निर्णय लिया। बैठक में भाग लेने आने–जाने वाले मण्डल सदस्यों को टैक्सी/निजी वाहन से इस हेतु यात्रा किये जाने एवं उनके द्वारा प्रस्तुत बिलों के आधार पर नियमानुसार यात्रा भत्ता दिये जाने का निर्णय भी लिया गया।

4. मण्डल सदस्यों ने पीएच.डी. हेतु जारी शोध कार्यों में गुणवत्ता वृद्धि एवं निरन्तर निगरानी की आवश्यकता बताई।

अन्त में माननीय कुलपति महोदय ने सदस्यों के निरन्तर रचनात्मक एवं सकारात्मक सहयोग से सीमित संसाधनों के बावजूद विश्वविद्यालय की बहुमुखी प्रगति की चर्चा करते हुए सभी सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

09/08/18

कुल सचिव
कुल–सचिव
राज ऋषि भर्तृहरि
मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर

कुलपति
राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय
अलवर